राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 23 जनवरी। भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के महान प्रणेता नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड़, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री प्रतापसिंह खाचरियावास, पूर्व सांसद श्री अश्कअली टाक, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय सचिव श्री रामसिंह कस्वां, पूर्व विधायक श्री नवरंग सिंह, पूर्व सचिव श्री अय्यूब खान, श्री गोपाल कैसावत, श्री ओमप्रकाश जैदिया, श्री राजेन्द्र आर्य, श्री राजेश पाण्डे, श्री दीपक धीर, श्री शरीफ खान, श्री सत्येन्द्रसिंह जादौन, श्री धनसिंह नरूका, श्री राजू खान सहित अनेक कांग्रेसजनों ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी पुष्पांजलि दी।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

<u>राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी</u>

<u>सादर प्रकाशनार्थ :-</u>

जयपुर, 23 जनवरी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री माणिक्यलाल वर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर कल दिनांक 24 जनवरी, 2022 को प्रात: 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जयपुर शहर एवं जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 23 जनवरी। देश के प्रमुख महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रशिक्षण विभाग के द्वारा नेहरू मिथक और सत्य के लेखक तथा वरिष्ठ पत्रकार श्री पीयूष बबेले ने डिजिटल प्लेटफार्म जूम पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संवाद कार्यक्रम किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री बबेले ने आज नेताजी की जयंती के अवसर पर नेताजी के कांग्रेस अध्यक्ष व आजाद हिन्द फौज के गठन के कई स्मरण बताये। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने ना केवल दूसरे देशों द्वारा युद्ध बंदी बनाये गये भारतीय सैनिकों को पुनः भारत के स्वाधीनता संग्राम से जोड़ा बल्कि आजाद हिंद फौज की विभिन्न बिग्रेड के नाम गाँधी एवं नेहरू ब्रिगेड रखते हुए देश में चल रहे अहिंसक आन्दोलन को भी अपने समर्थन का संदेश दिया। पंडित नेहरू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने आजाद हिन्द फौज के नारे **जय हिन्द** को अंगीकार कर राष्ट्रीय नारा बनाते हुए इस नारे को लगाने की परम्परा प्रारम्भ की। गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा रचित जन-गण-मन के बांग्ला संस्करण की जगह उसे हिन्दुस्तानी में तब्दील कर आजाद हिंद फौज ने ही सबसे पहले राष्ट्रगान के रूप में गाया जिसे कांग्रेस की सरकार ने अधिकारिक तौर पर राष्ट्रगान का दर्जा दिया, दुर्भाग्य से इसे राष्ट्रगान बनाने का आरएसएस ने भरपूर विरोध किया। उन्होंने बताया कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने पंडित नेहरू द्वारा प्रारम्भ किये गये जिस योजना आयोग को बंद किया है उसकी परिकल्पना भी नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने ही की थी। उन्होंने देश में गांधी, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस, सरदार पटेल व पं. नेहरू को लेकर फैलाये जा रहे अन्य मिथकों को भी तथ्यों के साथ स्पष्ट किया। उन्होंने पहले आरएसएस और आज उसकी राजनीति विंग भाजपा किस तरह समाज में भ्रम फैलाती है उस पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में प्रशिक्षण की राष्ट्रीय टीम के सदस्य मध्यप्रदेश के श्री मृणाल पंत ने प्रारम्भिक सम्बोधन दिया तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव व प्रशिक्षण विभाग के समन्वयक श्री जसवंत गुर्जर ने सभी उपस्थित कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

(जसवंत गुर्जर)
सचिव
मो. 9828825000

Created by Universal Document Converter